Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide better internet services by telecom operators in rural areas particularly in Seoni and Balaghat districts in Madhya Pradesh-laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): वर्तमान में भारत देश डिजिटल इंडिया के अवधारणा पर आगे बढ़ रहा है । वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल, आईडिया, जीयो आदि कंपनियों के मोबाईल टावर लगे है जिनमें कवरेज की काफी समस्या है । विशेषकर बी.एस.एन.एल की स्थिति बहुत खराब है । आये दिन मोबाईल टावर काम करना बंद कर देते है । संसदीय क्षेत्र बालाघाट के सिवनी-बालाघाट जिलें में ग्रामों एवं सुदूर क्षेत्रों में नेटवर्क की बहुत समस्या है । सिवनी जिले के पिपरिया, पनवास, सरेखा आदि ग्राम, कुरई तहसील एवं बालाघाट के बैहर, बिरसा तहसील के अनेक गांवों जिनके 3 कि.मी. के दायरे मे भी मोबाईल टावर लगने के बावजूद कवरेज और डाटा गति की अत्यधिक समस्या है । डाटा गति कम रहने से बैंक के काम, छात्रों की पढ़ाई, नौकरीपेशा व्यक्तियों, पंचायतों कार्य, सोसाईटियों में राशन वितरण इत्यादि कार्य जो डिजिटल हो चुके है, प्रभावित होते है जो कि भारत सरकार की डिजिटल इंडिया की अवधारणा को नुकसान पहुंचा रहा है । मेरा सरकार से आग्रह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाईल नेटवर्क एवं पर्याप्त डाटा गति उपलब्ध कराने के लिए मोबाईल कंपनियों को निर्देशित कराने का कष्ट करें ।